>

*Title: Need to declare State Highway No. 16 passing through four districts of Rajasthan as a National Highway.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): अध्यक्ष महोदया, हमारे संसदीय क्षेत्र में भारी यातायात के दबाव के कारण जो देसुरी घाटी है, उसमें आएदिन रास्ता जाम रहता है और दुर्घटना होती है। उसका उदाहरण मैं आपको बताना चाहता हूं, वर्ष 2008 में भी इस तरह की दुर्घटनाओं में 185 यात्री मर गये हैं। मैं उदाहरण देना चाहता हूं, जो 16 राजमार्ग हैं, उनको राष्ट्रीय राजमार्ग में घोषित करने की मैं आपसे मांग करता हूं कि वाया एन.एच. 8 से गोमती चौराहा से वाया देसुरी, फालना, जालौर, भीनमाल और एन.एच. 15 तक राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं। वहां एक बहुत ही बड़ा जैन धर्म स्थल रणकपुर है, वहां पर पर्यटक आते जाते रहते हैं, इसलिए वहां पर राष्ट्रीय राजमार्ग की बहुत जरुरत है। इसलिए आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इसे राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाए।